## एक नजर में

### बुरहानपुर में जुमातुल विदा पर हजारों ने अदा की नमाज



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में रमजानुल मुबारक के आखिरी शुक्रवार को जुमातुल विदा की विशेष नमाज अदा की गई। शहर की सभी मस्जिदों के साथ.साथ ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद में भी हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजनों ने नमाज में हिस्सा लिया। जुमातुल विदा रमजान का अंतिम जुमा होता है, जिसका मुस्लिम समुदाय में विशेष महत्व है। नमाज के बाद सभी मस्जिदों में देश और दुनिया में अमन, शांति, एकता और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। मुस्लिम समाज शनिवार को ईदुल फितर का त्योहार मनाएगा। इस अवसर पर शहर की मस्जिदों के अलावा तीन ईदगाहों में भी ईदुल फितर की विशेष नमाज अदा की जाएगी। ईद की नमाज के लिए समय निर्धारित किया गया है। सिंधी बस्ती स्थित शाही ईदगाह में सुबह 7.15 बजे, फारूकी ईदगाह सिलमपुरा में सुबह 7.30 बजे और गणपति नाका स्थित कदमे रसूल ईदगाह में सुबह 7.15 बजे नमाज अदा की जाएगी। शाही जामा मस्जिद में ईदुल फित्र की नमाज का समय सुबह 7.45 बजे रहेगा।

### श्री स्वामी समर्थ महाराज का प्रकट उत्सव मनाया



**इच्छापुर।** आध्यामिक बाल संस्कार स्वामी समर्थ केंन्द्र, इच्छापूर में श्री स्वामी समर्थ महाराज का प्रकट उत्सव बड़े.हर्ष उल्हास के साथ मनाया गया। केंन्द्र पर सुबह 8 बजे से ही स्वामी समर्थ सेवाधारी महीला.पुरुषों ने स्वामी समर्थ के फोटो पर माल्र्यापन कर नमन किया। तपश्चात स्वामी के ग्रंथो के पाठ का वाचन किया। दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे स्वामी.भको ने भजन मंडली के साथ श्री स्वामी समर्थ महाराज की शोभा यात्रा निकाली। जगह जगह पर स्वामीजी की महीलाओ द्वारा पुजा अर्चना की। इस कार्यक्रम का आयोजन युवा स्वामी सेवाधारी कुछ लड़कीयों का सहयोग सराहनीय रहा।

### 36 जोड़ों की आहुतियों से पावन हुआ वातावरण, महायज्ञ में मिला संस्कारों का संदेश



**बुरहानपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित नव दिवसीय नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ का द्वितीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन में 36 जोड़ों द्वारा आहुतियां समर्पित कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिकारपुरा थाना के सामने स्थित गायत्री शक्तिपीठ, बुरहानपुर में महायज्ञ के माध्यम से समाज में संस्कार, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। यज्ञ के साथ.साथ विभिन्न संस्कारों का आयोजन भी हुआ, जिसने जनमानस को संस्कृति से जोड़ने का कार्य किया। यज्ञ के दौरान आचार्य विजय जी ने प्रकृति सेवा का महत्व बताते हुए कहा कि इन पावन दिनों में मुरझाते पौधों को जल देना, पक्षियों के लिए दाना.पानी की व्यवस्था करना और गौमाता को गौ.ग्रास अर्पित करना अत्यंत पुण्यकारी एवं सुखद अनुभव प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने नीम की नई कोपलों के सेवन को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताते हुए इसे वर्षभर आरोग्य का आधार बताया। पूर्णाहुति के समय आचार्य देवेंद्र जी ने सभी श्रद्धालुओं को एक बुराई त्यागने और नियमित गायत्री मंत्र जप का संकल्प दिलाया, जो आत्मशुद्धि और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा इन नौ दिनों तक निरंतर गायत्री मंत्र जप, साधना और अनुष्ठान का क्रम चल रहा हैए जो पूरे वातावरण को दिव्यता से भर रहा है। वहीं वसंत मोड़े जी ने गायत्री महायज्ञ के महत्व को बताते हुए इसे आत्मकल्याण और विश्वकल्याण का श्रेष्ठ माध्यम बताया।

### कांग्रेस में मुलायमवाला को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल से बुरहानपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी की नई टीम का ऐलान हो गया है जिसमे सभी वर्गों के साथ साथ युवाओं एवं अनुभवीयो को रिंकू टाक की टीम मे जगह मिली है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहर रिंकू टाक की नई टीम पर मोहर लगाई है प्रदेश कांग्रेस संगठन मंत्री संजय कांबले ने बुरहानपुर जिले की टीम का घोषणा पत्र भोपाल से जारी किया। कांग्रेस की बुरहानपुर शहर की टीम मे रिंकू टाक के नेतुत्व मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता .वरिष्ठ पत्रकार तफ्ज्जुल हुसैन मुलायमवाला को कांग्रेस कमेटी मे मिडिया प्रभारी के महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सोपी गई है। वही हुज़ेफा मुलायमवाला को कोषाध्यक्ष के पद से नावाज़ा गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिंकू टाक के नेतुत्व मे 30 सदस्य टीम का मे 1 संगठन महासचिव, 1 मीडिया प्रभारी, 6 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव, 10 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष की नियुक्त की गई है। बुरहानपुर मे जिला कांग्रेस शहर की नई नियुक्त से कांग्रेसयों मे हर्ष की लहर है रिंकू टाक की टीम मे युवा एवं अनुभवीयों का तालमेल देखने मिला।

### शिक्षकों की समस्या निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

**नेपानगर।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ और मप्र शिक्षक संघ की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को रविवार को नेपा आागमन पर ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साथ ही शिक्षकों की मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया। शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने, नवीन संवर्ग के शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ देने आदि की मांग रखी गई। नेपानगर संकुल प्राचार्य अरूण महाजन, कैलाश सिंह पवार, संजय अटकडे, संजय विश्वे, सुदर्शन सेठी, अमरेश बोरासी, सैयद शाकीर, रविकांत मेहता, तरूण निंबालकर, सिंधु काटकर, शशिकला कलोसिया सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी मौजूद थे।

# दिव्य दिंडी पदयात्रा के साथ मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला शुरू

## अर्चना चिटनिस हुईं शामिल





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ग्राम धामनगांव स्थित मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले का शुभारंभ भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में हुआ। महाराष्ट्र के शेगांव की तर्ज पर आयोजित दिंडी पदयात्रा ने इस मेले को धार्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक भव्यता से परिपूर्ण कर दिया। ग्राम बंभाड़ा से प्रारंभ हुई यह दिंडी यात्रा जय हरी विठ्ठल, श्री हरी विठ्ठल के गूंजते जयघोषों के साथ मां वाघेश्वरी मंदिर ग्राम धामनगांव में ग्रामोदय मेले में पहुंची।

विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भगवान विठ्ठल और पालकी का विधिपूर्वक पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया और स्वयं पदयात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ पूरे मार्ग में भक्ति भाव से सहभागिता निभाई। उनके साथ चलने से भक्तों में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली।

**उमड़ा आस्था का सागर:-** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले के शुभारंभ अवसर पर निकली इस दिंडी पदयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। शहर और ग्रामीण अंचलों से आए विठ्ठल भक्तों ने इस आयोजन को आस्था के महासागर में परिवर्तित कर दिया। मृदंग, मंजीरे, वीणा और लेजिम की मधुर धुनों पर भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे। हर ओर श्हरी विठ्ठल के नाम का संकीर्तन गूंजता रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**शेगांव की परंपरा का जीवंत दर्शन:-** दिंडी यात्रा में महाराष्ट्र की वारकरी परंपरा की सजीव झलक दिखाई दी। पुरुष सफेद कुर्ता. पायजामा और मराठी टोपी में, जबकि महिलाएं पीली और केसरिया साड़ियों में भक्ति में लीन नजर आईं। यह दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो शेगांव की पवित्र वारी परंपरा बुरहानपुर की धरती पर साकार हो गई हो।

**धामनगांव में भव्य स्वागत :-** ग्राम धामनगांव पहुंचने पर दिंडी पदयात्रा का पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। मां वाघेश्वरी मंदिर में आरती और पूजन के साथ ग्रामोदय मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर जयघोषों और घंटानाद से गुंजायमान हो उठा।

**9 दिनों तक आस्था, संस्कृति और विकास का संगम:-** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला 19 मार्च से 27 मार्च, श्रीराम नवमी तक आयोजित होगा। इस दौरान प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। कीर्तन, भजन संध्या, लावणी नृत्य, पारंपरिक दंगल, व्यायामशाला प्रदर्शन और ख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण रहेंगी। मेले के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं, कृषि आधारित प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों की जानकारी और हस्तशिल्प बाजार का आयोजन किया गया है। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और विकास को भी नई दिशा देने वाला मंच बन गया है।

विधायक अर्चना चिटनिस पिछले 16 वर्षों से इस मेले के दौरान गांव में रहकर साधारण झोपड़ी में रात्रि विश्राम करती हैं और ग्रामीणों के बीच रहकर जनजागरण का कार्य करती हैं। मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला आज एक ऐसा आयोजन बन चुका है, जहां आस्था, संस्कृति और विकास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह मेला न केवल धार्मिक भावनाओं को सशक्त करता है, बल्कि समाज को एकजुट कर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य भी कर रहा है। शेगांव की तर्ज पर निकली इस भव्य दिंडी पदयात्रा ने मेले के शुभारंभ को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया। जय हरी विठ्ठल, श्री हरी विठ्ठल के जयघोष के साथ बुरहानपुर पूरी तरह भक्ति और उत्सव के रंग में रंग गया है।

**ग्रामोदय कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ:-** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले के अंतर्गत आयोजित ग्रामोदय कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का विधिवत शुभारंभ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता 27 मार्च 2026 तक आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 31 हजार रुपए, उपविजेता को 21 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर चिटनिस ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर मेला समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

**व्यायामशालाओं का प्रदर्शन:-** ब्रह्मपुर कला कौशल द्वारा आज व्यायाम शालाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। 22 मार्च को पारंपरिक कांटा-कुश्ती का विशाल आम दंगल आयोजित होगा। 23 मार्च 2026 सोमवार को नागपुर की चंद्रमुखी लावणी डांस ग्रुप द्वारा मराठी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 24 मार्च 2026 मंगलवार को बाबा खाटू श्याम जी का भव्य दरबार सजेगा और भजन संध्या आयोजित होगी। 25 मार्च 2026 बुधवार को इंडियन आइडल फेम गायक राहुल द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## बहराना साहब यात्रा में शामिल हुए हजारों सिंधी समाजजन





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड पर्व पर भव्य शोभायात्रा, बाइक रैली और बहराना साहब की यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में सिंधी समाजजन शामिल हुए। पर्व की शुरुआत सुबह सिंधी बस्ती क्षेत्र में कलश यात्रा से हुई।

इसमें समाज की महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश रखकर निकलीं। इसके बाद एक बाइक रैली भी निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाज की महिलाएं, युवतियां और पुरुष बाइक पर सवार होकर शामिल हुए।

दोपहर 2 बजे बहराना साहब की शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा सिंधी बस्ती स्थित साईचना दरबार से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी और ताप्ती नदी के राजघाट पर समाप्त हुई। समाजजनों ने इस यात्रा में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। चेटीचंड सिंधी समाज का प्रमुख त्योहार है, जिसे भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस के रूप में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## बुरहानपुर में 12 गाड़ी मेला :- एक भगत खींचता है सैकड़ों लोगों से भरी 12 गाड़ियां



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रतिवर्षनुसार इस वर्षर भी गुड़ी पड़वा के अवसर पर डाकवाड़ी क्षेत्र में पारंपरिक 12 गाड़ी मेले का आयोजन हुआ। मेला समिति के उस्ताद गोपाल सोनवने, राजेश सोनवने, किशोर सागर, सुरेश महाजन, गुलाब मोरे, भारत मराठे और गोलू दहिभाते ने बताया कि डाकवाड़ी क्षेत्र में यह मेला पिछले पांच पीढ़ियों से लगातार आयोजित किया जा रहा है और हर साल बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होते हैं।

इस बार भी मेले में खास आकर्षण 12 गाड़ी खींचने की परंपरा रही। भक्त अंकित पाटेकर ने अपने साथी निखिल और उमेश के साथ मिलकर करीब 500 मीटर तक सैकड़ों लोगों से भरी 12 गाड़ियों ;बैलगाड़ी वाली लकड़ी की गाड़ीद्ध को खींचा। गाड़ियों पर करीब 600 से ज्यादा लोग सवार थे। इस दौरान युवा ढोल की धुन पर झूमते और नाचते नजर आएए जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया।

दरअसल इस परंपरा में एक भगत 12 गाड़ियों को एक साथ जोड़कर खींचता है। इन गाड़ियों पर बड़ी संख्या में लोग सवार होते हैं। इस आयोजन के लिए करीब एक महीने पहले से तैयारी की जाती है और भगत पूजा.पाठ करता है। गाड़ियों को आमतौर पर करीब 200 मीटर तक खींचा जाता हैए लेकिन इस बार इसे और अधिक दूरी तक ले जाया गया। मेले में सैकड़ों की संख्या में दुकानें भी लगींए जहां लोगों ने खरीदारी की और मेले का आनंद लिया। आसपास के गांवों से भी हजारों लोग यह अनोखा आयोजन देखने पहुंचे। शाम 7 बजे से शुरू हुआ यह मेला देर रात तक चलता रहा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।

## विधायक चिटनिस को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शिक्षक हित में रिव्यु पिटीशन दायर करे सरकार। शिक्षक भी रहें तैयार। मध्यप्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी अनिवार्य करने सम्बंधी आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा 2 मार्च 2026 को जारी अव्यवहारिक आदेश को निरस्त कराने और सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली में कक्षा 1 से 8 वी तक अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने सम्बंधी आदेश के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग को लेकर टीईटी शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा बुरहानपुर के बैनर तले संयुक्त मोर्चा ने विधायक अर्चना चिटनिस को उनके निवास पर उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा।

विधायक चिटनिस ने शिक्षकों की समस्या को समझते हुए आश्वासन दिया कि मध्यप्रदेश के लाखों शिक्षकों के साथ अन्याय नही होने दिया जायेगा और आपकी समस्या को मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जी के समक्ष रखकर सरकार की ओर रिव्यु पिटीशन दायर करने के लिए मजबूती के साथ शिक्षकों का पक्ष रखा जायेगा ।आपकी 25 से 30 साल की सेवा को व्यर्थ नही जाने दिया जायेगा! इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित संयुक् मोर्चा के धर्मेंद्र चौकसे, राजेश साल्वे, अनिल बाविस्कर, बृजेश राठौर, राजकुमार मंडलोई, सुजीत ठाकुर उपस्थित थे।

## प्रमुख चौराहों पर बनाए गए सार्वजनिक प्याऊ



**बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रीष्म ऋतु में आमजनों को राहत प्रदान करने के लिये नगर परिषद शाहपुर द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों एवं चौराहों पर सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई है। नाचनखेड़ा फाटा, बंभाडा फाटा, कोदरी चौराहा सहित अन्य स्थानों पर प्याऊ स्थापित किए गए हैं, जिससे राहगीरों, नगरवासियों, व्यवसायियों एवं बाहर से आने वाले नागरिकों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

## ट्रायम्फल आर्च एकेडमी और एलेन का शंखनाद, 23 मार्च से शुरू होगा नया सत्र



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर की सुप्रसिद्ध संस्था ट्रायम्फल आर्च एकेडमी और एलेन द्वारा संयुक्त रूप से इंदिरा कॉलोनी स्थित गोविन्दजीवाला ऑडिटोरियम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए अनेक विद्यार्थी एवं उनके पालक उपस्थित रहे।

इस सेमिनार में एलेन के पीएनसीएफ डिवीजन के शिक्षक शुभम डांडक द्वारा बताया गया कि विगत 3 वर्षों से किस तरह से एलेन छठवीं से दसवीं तक पीएनसीएफ के तहत ट्रायम्फल आर्च अकादमी के साथ मिलकर काम कर रहा है एवं किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की जल्दी तैयारी शुरू करने के महत्व को बताया।

ढक्कन वाला कुआं, इंदौर के एलेन सेंटर से आए गणित के वरिष्ठ अध्यापक कैनन गुप्ता ने जेईई एवं एवं बॉटनी के वरिष्ठ अध्यापक अक्षत समाधिया ने नीट की तैयारी हेतु विशेष मार्गदर्शन दिया एवं एलेन के सीनियर डिवीजन के शिक्षकों से परिचय भी करवाया।

कार्यक्रम में उपस्थित पालकों एवं विद्यार्थियों ने अनेक तरीके के प्रश्न पूछे जिसके उत्तर संस्था सचिव नम्रता पटेल द्वारा दिए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित पालकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रश्न उत्तरी का आयोजन गया, जिसमें एलेन कॉर्डिनेटर अजय पाटिल एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों एवं पालकों से विषय आधारित प्रश्न पूछे एवं सही उत्तर देने वाले को शाला द्वारा उपहार दिया गया।

संस्था चेयरमैन कमलेश पटेल द्वारा बताया गया कि एलेन बुरहानपुर जिले के लिए सौगात की तरह हैं। संस्था प्राचार्य डॉ मनुभाई पटेल ने बताया कि ट्रायम्फल आर्च एकेडमी और एलेन के अकेडमिक कोलैबोरे शन से अब प्रतियोगी परीक्षा जैसे जेईई, नीट की तैयारी हेतु शहर के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। अब अपने शहर बुरहानपुर और अपने परिवार के बीच रहकर ही विद्यार्थी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का लाभ उठा कर अपने सपनों को नई उड़ान दे सकते है।

**एक नजर** — इतवारा के विठ्ठल मंदिर में आर्ट हुआ ऑफ लिविंग का सत्संग, शामिल हुए 300 से अधिक श्रद्धालु

## चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है... जय माता दी, जय माता दी, हिंगलाज देवी के सत्संग में खूब झूमे भक्त



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भावसार क्षत्रिय समाज की कुल देवी माँ हिंगलाज अंबिका के प्रकट उत्सव के निमित्त नगर के इतवारा मालवीय वार्ड में हिंगलाज जयंती उत्सव के 5 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत बीती रात आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग के साधकों ने देवी मां की आराधना के भजनों की सत्संग में शानदार भक्तिमय प्रस्तुति दी। संस्था से जुड़े भजन गायक प्रोफेसर भरत रावल ने जब चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, इस भजन को अपनी क्लासिकल मधुर आवाज में प्रस्तुत किया तो इतवारा मिट्ठल मंदिर का खचाखच भरे पूरे परिसर मे भक्तजन ने जय माता दी के उद्घघोष के साथ झूमते हुए भजनों का आनंद लिया।

देर रात तक चले सत्संग में प्रारंभ में विजय दुम्बानी, राजेंद्र पवार, राजरानी मेहता सहित अन्य साधकों ने गणेश वंदना, गुरुभक्ति और कृष्णभक्ति के भी भजन प्रस्तुत किये, इसके अतिरिक्त प्रारंभ से अंत तक फिल्मी धुन से बहुत अलग हटकर गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी द्वारा कम्पोज़ किए हुए माँ की आराधना के आर्ट ऑफलिविंग के भजनों ने सभी भक्तजनों को तालियों के साथ आंखें बंद कर ध्यानस्थ स्थिति का भी अनुभव कराया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले और सत्संग आयोजक प्रमुख भावसार महिला मंडल की

अध्यक्ष अलका जाधव ने बताया कि हिंगलाज जयंती उत्सव के निमित्त आयोजित इस सत्संग में हमारे निमंत्रण को स्वीकार कर समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति देकर इस सत्संग को यादगार बना दिया। संस्था की सबसे कम उम्र की भजन सिंगर अश्विनी मेहता ने अम्बे जगदम्बे, जगदम्बे जय जय अंबे....के भजन पर उपस्थित साधकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सत्संग में विराम से पूर्व प्रशिक्षक संतोष देवताले ने ओम नमः शिवाय चैटिंग के माध्यम से सभी को गहरे ध्यान का अनुभव कराया और अपने संदेश में सभी समाजवासियों से अपील किया कि हिंगलाज जयंती का उत्सव भावसार, समाज की एकता और संगठन की शक्ति प्रदर्शन का अवसर होता है। आपने सभी से आह्वान किया कि कल रविवार को आयोजित शोभायात्रा और जातगंगा प्रसादी में हर समाजवासी को अपना व्यापार व्यवसाय बंद रख कर बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल होना है।

हिंगलाज जयंती उत्सव समिति के प्रभारी और समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश काशीकर, प्रमुख मार्गदर्शक जयंतीलाल नवलखे, दिलीप चौधरी, लीलाधर भवसार, दिनेश धारे, मुकेश मालवी, प्रमोद चौधरी, मुकेश मगरे, राजेंद्र पवार समाज के पूर्व अध्यक्ष छगनलाल देवताले, वरिष्ठ भाजपा नेता चिंतामन महाजन, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मुकेश पूर्वे, पूर्व पार्षद किशोर कुमार व भावसार महिला मंडल की पदाधिकारी बहनें सहित बड़ी संख्या में समाजजन सत्संग में उपस्थित थे।

### कल रहेगा प्रमुख आयोजन, निकलेगी शोभायात्रा होगी महाआरती

वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश भावसार, समाज के सचिव कैलाश भागवत ने बताया कि हिंगलाज जयंती उत्सव का प्रमुख आयोजन शोभायात्रा और जात गंगा प्रसादी कल 22 मार्च, रविवार को पूर्व से निर्धारित है, इसी के अंतर्गत मां हिंगलाज की शोभायात्रा कल शाम 5 बजे मालवीय वार्ड में गणपति बाड़ी के सम्मुख स्थित नवदुर्गा प्रांगण से प्रारंभ होकर इतवारा विठ्ठल मंदिर मार्ग से होते हुए कबीर पंथी मंदिर के सामने स्थित समाज के नवीन मंगल भवन परिसर में महाआरती में परिवर्तित होगी, जहां हजारों समाजवासियों की उपस्थिति में समाज के गौर पंडित गोपाल जोशी द्वारा कराई जाने वाली अरदास और मां हिंगलाज की आरती के पश्चात उसी स्थान पर जातगंगा प्रसादी प्रारंभ होगी। भावसार समाज के प्रचार मंत्री अरुण सूर्यवंशी, मीडिया प्रभारी प्रदीप पवार, शासकीय लोक अभियोजक एडवोकेट भूपेन्द्र जूनागढे ने समस्त समाजवासियों से शोभायात्रा और जातगंगा प्रसादी में उपस्थिति का आग्रह किया है।